प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 06.04.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. केंद्र सरकार ने घरेलू मांग पूरी करने के लिए 5 किलो के एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति बढ़ाई : लखनऊ में इंडियन ऑयल कारपोरेशन लिमिटेड और कृषि विभाग ने प्रेसवार्ता में कहा– प्रदेश में ईंधन और उर्वरक का पर्याप्त स्टॉक।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह को किया संबोधित : कहा– विपरीत परिस्थितियों में पत्रकारिता ने बनाया है भारतीय लोकतंत्र को मजबूत।
3. भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस पर मुख्यमंत्री ने गोरखपुर में कहा– राष्ट्र प्रथम के संकल्प के लिए समर्पित हैं पार्टी के कार्यकर्ता। और
4. प्रदेश में आंधी बारिश से कई जनपदों में जन जीवन प्रभावित : मौसम विभाग ने अगले 48 घंटों में पश्चिमी जनपदों में आंधी, बारिश और ओले गिरने का ऑरेंज अलर्ट किया जारी।

———————

सरकार ने पांच किलोग्राम के एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति बढ़ा दी है। वैध पहचान पत्र दिखाने पर एलपीजी वितरक–काउंटर पर ये सिलेंडर उपलब्ध होंगे। पेट्रोलियम

और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने बताया कि आपूर्ति बढ़ाने के बाद 23 मार्च से पांच किलो के लगभग छह लाख साठ हजार सिलेंण्डरों की बिक्री हुई है। इन सिलेंडरों की कीमत बाजार दर पर रखी गई है और इनकी खरीद के लिए किसी पते के प्रमाण की आवश्यकता नहीं है।

वहीं पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच राज्य में पेट्रोल, डीज़ल, एलपीजी और खाद की स्थिति को लेकर पत्र एवं सूचना कार्यालय लखनऊ और प्रदेश सरकार ने आज संयुक्त प्रेसवार्ता का आयोजन किया। प्रेसवार्ता में इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक संजय भंडारी ने बताया कि प्रदेश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी सहित सभी पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति स्थिति पूरी तरह सामान्य और नियंत्रण में है। बाइट.....

*उत्तर प्रदेश में पेट्रोल, डीजल एवं एलपीजी सहित सभी पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति स्थिति पूर्ण रूप से सामान्य एवं नियंत्रण में है। राज्य में उपलब्ध हमारे मजबूत बुनियादी ढांचे, सतत निगरानी व्यवस्था तथा प्रभावी समन्वय तंत्र के माध्यम से निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। वर्तमान में पेट्रोल का 18 दिन तथा डीजल का 16 दिन का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। सभी खुदरा दुकाने सामान्य रूप से कार्यरत हैं तथा बिक्री पर किसी प्रकार का कोई प्रतिबंध नहीं है।*

प्रेसवार्ता में उत्तर प्रदेश कृषि विभाग के अपर निदेशक आशुतोष मिश्रा ने बताया कि राज्य में खाद का पर्याप्त भंडार मौजूद है। उन्होंने कहा कि किसान अपने नज़दीकी उर्वरक केंद्र पर जाकर अपनी ज़रूरत के हिसाब से खाद ले

सकते हैं। उन्होंने कहा कि खाद की कालाबाज़ारी रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय सीमा से लगे जनपदों में खास निगरानी रखी जा रही है। बाइट......

*प्रदेश से सात जनपद ऐसे हैं जो कि इंटरनेशनल बार्डर से लगते हैं। उस पर विशेष फोकस हम लोगों ने किया है। अभी से सारे चौकियों को अलर्ट कर दिया गया है और दूसरी तरफ सारे जितने हमारे विक्रय बिंदु हैं कि बिना आप खतौनी देखे किसान को नहीं देंगे। मात्रा निर्धारित है कि जो संतुलित उर्वरक की बात हो रही है उतनी मात्रा में देंगे जैसे कि अनावश्यक होर्डिंग न हो तो किसी प्रकार की पाइन की स्थिति भी नहीं है। हमारे पास पर्याप्त आपूर्ति भी है। निरंतर हमारे पास वहां से आ भी रही है, उपलब्ध भी हो रहा है और परिवर्तन की कार्रवाई भी हम लोग कर रहे हैं।*

इस मौके पर पीआईबी लखनऊ के निदेशक दिलीप कुमार शुक्ल ने कहा कि वर्तमान स्थिति में सोशल मीडिया पर प्रसारित भ्रामक और फर्जी सूचनाओं पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने लोगों से किसी भी अपुष्ट जानकारी पर विश्वास न करने की अपील की।

———————

प्रदेश के पशुधन और दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि राज्य में ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों और स्वच्छ ईधन को बढ़ावा देने के लिए बायोगैस के उपयोग को बढ़ावा दिया जाए। पशुधन मंत्री ने प्रदेश के सभी मण्डलों की गोशालाओं का निरीक्षण करन वाले नोडल अधिकारियों के साथ बैठक में यह बात कही। श्री सिंह ने कहा कि गोबर के माध्यम से निर्मित गोबर गैस न केवल सस्ता और स्वच्छ ईधन है, बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और

किसानों की आय बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर में गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब की नव निर्वाचित कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत में पत्रकारिता का मूलभाव राष्ट्र सेवा, समाज सेवा व एक भारत–श्रेष्ठ भारत का भाव रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी पत्रकारिता ने भारतीय लोकतंत्र को मजबूती दी है। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता ने कठिन मार्गों पर चलते हुए अपने लक्ष्यों को प्राप्त किया बाइट.....

*हमें याद रखना होगा कि जब भी हम एक सामान्य व्यक्ति के स्वर के साथ अपना स्वर मिलाते हैं और सही तथ्यों को उसके सामने रखते हैं तो जन विश्वास का प्रतीक बनता है और जो भी जन विश्वास का प्रतीक बनेगा, दुनिया की कोई ताकत उसको उसके मार्ग से विचलित नहीं कर सकती है। उसके मार्ग में बाधा नहीं बन सकती है और पत्रकारिता ने भी उन कठिन मार्गों का अनुसरण करते हुए सदैव अपने लक्ष्यों को प्राप्त किया है।*

इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने एक निजी विश्वविद्यालय में कम्प्यूटर लैब और शोध केन्द्र का उद्घाटन भी किया।

————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

भारतीय जनता पार्टी आज अपना 47वां स्थापना दिवस मना रही है। इसी क्रम में प्रदेश भर में भाजपा कार्यालयों में विभिन्न आयोजन किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस अवसर पर गोरखपुर में आयोजित समारोह को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं का जीवन राष्ट्र प्रथम के भाव और इसकी संकल्प सिद्धि के लिए ही समर्पित है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समाज के हर वर्ग को अनेक योजनाओं का लाभ देकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सपने को पूरा किया ह। बाइट.....

*मोदी जी ने वह सब कुछ करके दिखा दिया है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सपने को हर गरीब को राशन मिलना है, हर हाथ को काम मिलना है, हर खेत को पानी मिलना है, हर नौजवान के लिए रोजगार की गारंटी देनी है आदि सभी योजनाएं देश के अंदर समान रूप से लागू है।*

केन्द्रीय वित्त राज्यमंत्री व भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर प्रदेश मुख्यालय पर ध्वजारोहण किया।

श्री चौधरी ने सेवा, समर्पण के संकल्प को और अधिक सशक्त करने के लिए कार्यकर्ताओं से निरंतर अग्रसर रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने एक छोटी शुरुआत की थी और आज केंद्र औऱ कई राज्यों में सरकार बनाने में सफलता हासिल की है। बाइट.....

*भारतीय जनता पार्टी उन्नीस सौ अस्सी में स्थापना हुआ। आज सैंतालीस साल बीत गया और मुझे वो दिन भी याद है जब भारतीय जनता पार्टी की दो सीट हुआ करती थी और आज हमारे कार्यकर्ताओं और हमारे नेताओं के मार्गदर्शन में तीन बार लगातार दिल्ली में सरकार बनाए और आज लगभग अठारह प्रदेशों में एनडीए की सरकार है। हम सब के लिए आज का दिन बहुत ही महत्वपूर्ण है।*

——————————

वाराणसी को अधिक आधुनिक और व्यवस्थित बनाने के लिए सीएम ग्रिड योजना के तहत सात प्रमुख सड़कों का कायाकल्प किया जा रहा है। वाराणसी के नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने बताया कि इन सड़कों को आदर्श सड़क के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिसस नागरिकों को बेहतर यातायात सुविधा और शहर को नया सौंदर्य मिलेगा। उन्होंने बताया कि इन सड़कों को इस प्रकार डिजाइन किया जा रहा है कि अगले 30 वर्षों तक किसी भी प्रकार की खुदाई की आवश्यकता न पड़े। बाइट.....

*सीएम जीडी मॉडल सड़क बनाने की योजना उत्तर प्रदेश सरकार की है जिसके तहत वाराणसी में आज के समय में लगभग सात सड़कों का निर्माण गतिशील है जिसमें लगभग 70 प्रतिशत कार्य इन सड़कों पर हो चुका है। दो चरण में अभी वर्तमान में कार्य चल रहा है। इन सड़कों का लाभ यह है कि इनमें सभी तरह की Utilities चाहे वह HTLT line हो उसको अंडरग्रांड किया जाता है। प्रकाशिक तंतु के लिए डक्ट दिया जाता है। भूमिगत जल ला डाली जाती है। इस तरीके से सड़कों का विकास किया जाता है कि अगले आने वाले 30 सालों तक उनको कभी भी खोदना ना पड़े।*

——————————

**प्रदेश में किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शी और सुगम तरीके से उपलब्ध कराने के लिए सरकार फार्मर रजिस्ट्री के लिए विशेष अभियान चलाएगी। यह अभियान 15 अप्रैल तक पूरे प्रदेश में संचालित होगा। जिसके तहत हरग्राम सचिवालय में कैंप लगाकर किसानों का पंजीकरण कराया जाएगा।**

——————————

**प्रदेश के कई जनपदों में पिछले कई दिनों से रुक–रुक कर आंधी और बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने आगामी 48 घंटों में अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा और आसपास के इलाकों में आंधी, बारिश और ओले गिरने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं पूर्वी क्षेत्र में कहीं कहीं बारिश और तेज़ हवाएं चलने का अनुमान जताया है।**

**(समाप्त)**